**जनपद हमीरपुर**

**थाना – जरिया** **दिनांक 23.07.2026**

**थाना जरिया पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

हमीरपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.07.2026 को थाना जरिया की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र स्थित मथुरा गार्डन, सरीला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों तथा शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम ने उन्हें बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध, बाल विवाह, मानव तस्करी अथवा किसी अन्य अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के तत्काल पुलिस को सूचना दें। महिलाओं को यह भी बताया गया कि प्रत्येक शिकायत पर पुलिस द्वारा त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाती है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। **उन्हें बताया गया कि आपात स्थिति में 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा)** तथा अन्य आवश्यक सेवाओं का उपयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाते का विवरण, ओटीपी अथवा पासवर्ड साझा न करने की सलाह दी गई।

पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मसम्मान, आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भर बनने के महत्व के बारे में बताया। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार का उत्पीड़न, हिंसा या भेदभाव होता है तो वह बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हर परिस्थिति में उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं **को गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा** की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। उपस्थित सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार और समाज की अन्य महिलाओं एवं किशोरियों को भी महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करें।

**हमीरपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाकर समाज में सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण स्थापित करने हेतु प्रतिबद्ध है।**


परमार्थ समाज सेवी संस्थान, सरीला, हमीरपुर (उ.प्र.)
सहकार परियोजना
विषयगत नेतृत्व विकास एवं कौशल संवर्धन शिविर


परमार्थ समाज सेवी संस्थान, सरीला, हमीरपुर (उ.प्र.)
सहकार परियोजना
विषयगत नेतृत्व विकास एवं कौशल संवर्धन शिविर


परमार्थ समाज सेवी संस्थान, सरीला, हमीरपुर (उ.प्र.)
सहकार परियोजना
PARMARTH
विषयगत नेतृत्व विकास एवं कौशल संवर्धन शिविर
22 जुलाई से 24 जुलाई, 2026 तक
मधुरा गार्डन, सरीला, हमीरपुर (उ.प्र.)
परमार्थ समाज सेवी संस्थान, सरीला, हमीरपुर (उ.प्र.) | सहकार परियोजना